प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

अतिमहत्वपूर्ण एवं विशेषध्यानाकर्षण

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र की संस्थाएँ।

संख्याः प्राशिप/अनु 03/2023/573

लखनऊः दिनॉकः 25/04/2023

विषयः परिषद द्वारा आयोजित विषम सेमेस्टर परीक्षा/सप्लीमेन्ट्री (विशेष बैक पेपर परीक्षा) दिसम्बर 2022 के परीक्षा परिणाम से सम्बन्धित स्कूटिनी एवं पुनर्मूल्यॉकन कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि परिषद द्वारा आयोजित विषम सेमेस्टर परीक्षा/सप्लीमेन्ट्री (विशेष बैक पेपर परीक्षा) दिसम्बर 2022 का परीक्षा परीक्षा परिणाम परिषद द्वारा घोषित कर दिया गया है। उक्त परीक्षा से सम्बन्धित ऐसे छात्र/छात्राएँ जो अपने अंकों से असंतुष्ट हैं, वेबसाइट www.result.bteupexam.in पर उपलब्ध लिंक APPLY FOR SCRUTINY/RE-EVALUATION के माध्यम से किया जा सकता है।

1. स्कूटिनी/पुनर्मूल्यॉकन हेतु वेबसाइट www.result.bteupexam.in पर उपलब्ध लिंक APPLY FOR SCRUTINY/RE-EVALUATION पर छात्र/छात्रा अपने एन्रोलमेन्ट नम्बर एवं जन्म तिथि की सहायता से आवेदन OPEN कर सकते हैं।
2. उपरोक्त आवेदन प्रकिया में तीन चरण निम्नानुसार हैं:

A. REGISTRATION (SCRUTINY/RE-EVALUATION):

स्कूटिनी/पुनर्मूल्यॉकन का आवेदन करने के उपरान्त छात्र/छात्राएँ कतिपय विषयों में स्कूटिनी/पुनर्मूल्यॉकन चैक बॉक्स के माध्यम से चयनित कर सकते हैं। सभी कतिपय विषयों में आवेदन स्कूटिनी एवं पुनर्मूल्यॉकन विकल्प चयन करने के उपरान्त छात्र/छात्राएँ अपने आवेदन के SAVE & PRINT BUTTON के माध्यम से सुरक्षित कर आवेदन का प्रिन्ट ले लेंगे। इस प्रकिया के समाप्त होने के बाद छात्र/छात्राएं 24 घंटे के उपरान्त द्वितीय विकल्प PAY FEES ONLINE के माध्यम से स्कूटिनी एवं पुनर्मूल्यॉकन शुल्क का भुगतान कर सकते हैं। **सूच्य है कि किसी भी विषय में स्कूटिनी एवं पुनर्मूल्यॉकन में से एक ही विकल्प को चयनित किया जा सकता है। "छात्र/छात्रा द्वारा विषयों का चयन सावधानी पूर्वक किया जाये यदि छात्र/छात्रा द्वारा किसी भी गलत विषय का चयन किया जाता है, तो ऐसी स्थिति में समस्त उत्तरदायित्व छात्र/छात्रा का होगा तथा उस विषय को किसी भी स्थिति में निरस्त नही किया जायेगा।"**

P.T.O.

B. PAY FEES ONLINE:

स्क्रूटिनी हेतु रू0– 60/– प्रति विषय एव पुनर्मूल्यॉकन हेतु रू0– 500/– प्रति विषय की धनराशि है। PAY FEES ONLINE विकल्प में अगले पेज पर TERMS & CONDITION,S DIALOGUE BOX में CLICK कर अगले पेज पर जायेंगे।

अगले पेज फीस कैटगरी में बोर्ड फीस चयनित कर छात्र/छात्राऍ एन्रोलमेन्ट नम्बर एवं जन्म तिथि संबंधित TEXTBOX में डालकर SUBMIT BUTTON CLICK करेंगे। इसके बाद अगले पेज पर PROVIDE DETAILS OF PAYMENT छात्र/छात्राऍ अपना नाम, जन्मतिथि, मोबाइल नम्बर, ई–मेल आई0 डी0, इन्सर्ट करने के उपरान्त CAPTCHA में प्रदर्शित TEXT को इन्सर्ट कर SUBMIT BUTTON को CLICK करेंगे।

CLICK करने के उपरान्त अगले वेब पेज VERIFY DETAILS AND CONFIRM THIS TRANSACTION पर पहुँचने के उपरान्त छात्र/छात्राऍ सभी डिटेल को चैक कर यह सुनिश्चित कर लेंगे TRANSACTION में प्रदर्शित हो रही जानकारी सही है TRANSACTION में उपलब्ध जानकारी से संतुष्ट होने के उपरान्त CONFIRM BUTTON पर CLICK करेंगे।

अगले वेब/पेज पर भुगतान के लिए विभिन्न विकल्प प्रदर्शित हो रहे होगें। छात्र/छात्राऍ अपने आवेदन शुल्क का भुगतान चार विकल्पों के माध्यम से कर सकते हैं।

a. INTERNET BANKING (SBI & OTHER BANK)
b. CARD PAYMENT (SBI ATM CUM DEBIT CARD, OTHER BANK DEBIT CARD & CREDIT CARD)
c. OTHER PAYMENT MODES (SBI BRANCH, NEFT/RTGS)
d. UPI

जिन छात्र/छात्राओं के पास INTERNET BANKING, DEBIT CARD, CREDIT CARD, NEFT/RTGS, UPI की सुविधा उपलब्ध नही है, वो PAYMENT CHALLAN का प्रिन्ट लेगें। किसी भी SBI BRANCH में जाकर छात्र/छात्रायें PAYMENT CHALLAN के माध्यम से अपना स्क्रूटिनी एवं पुनर्मूल्यॉकन का शुल्क जमा कर सकते हैं।

किसी भी भुगतान माध्यम उपयोग करने हेतु बैंक शुल्क संबंधित विकल्प के नीचे प्रदर्शित किये गये हैं, भुगतान करने से पूर्व बैंक शुल्क की जानकारी प्राप्त करने के उपरान्त ही भुगतान की कार्यवाही करें।

C. AFTER FEES SUBMITION TAKE RECEIPT OF PAYMENT:

भुगतान करने के 24 घंटे उपरान्त छात्र/छात्राऍ आवेदन में उपलब्ध तृतीय विकल्प AFTER FEES SUBMITION TAKE RECEIPT OF PAYMENT के माध्यम से PAYMENT RECEIPT का प्रिन्ट लेंगे आवेदन एवं PAYMENT RECEIPT के प्रिन्ट आउट को अपने संस्थान प्रधानाचार्य को जमा करेंगे।

किसी भी प्रकार की असमंजस की स्थिति में HELPLINE NUMBER 8127785481 पर सम्पर्क स्थापित कर उसका समाधान प्राप्त कर सकते हैं। सूच्य है कि ऑनलाइन पेमेन्ट की सुविधा बैंक द्वारा उपलब्ध करायी जा रही है, किसी भी विषम परिस्थिति में भुगतान संबंधित परेशानी एवं विवाद के लिए संबंधित बैंक से सम्पर्क कर त्रुटि/समस्या का निस्तारण कर सकते हैं। भुगतान संबंधी त्रुटि/समस्या के लिये प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ उत्तरदायी नही होगा।

P.T.O.

स्क्रूटिनी एवं पुनर्मूल्यॉकन के रजिस्ट्रेशन की तिथि 26/04/2023 से 02/05/2023 तक है एवं PAYMENT RECEIPT के प्रिन्ट करने हेतु अंतिम तिथि 04/05/2023 है, परिषद द्वारा स्क्रूटिनी एवं पुनर्मूल्यॉकन हेतु उपरोक्त ऑनलाइन माध्यम के अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

आप से अपेक्षा है कि अपने संस्थान में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को कतिपय विषय में आवेदन करते समय दोनों विकल्पों (स्क्रूटिनी/पुनर्मूल्यॉकन) का चयन सावधानी पूर्वक किये जाने एवं जिन विषय की परीक्षा विषम सेमेस्टर परीक्षा/सप्लीमेन्ट्री (विशेष बैक पेपर परीक्षा) दिसम्बर 2022 में सम्मिलित हुए हों, उन्ही विषयों का चयन किये जाने हेतु संस्थान स्तर पर सूचित करने का कष्ट करें, यदि छात्र/छात्राओं द्वारा अपने चयनित विषयों में से किसी भी प्रकार की त्रुटि/समस्या होती है, तो छात्र/छात्राएँ स्वयं ही उत्तरदायी होगें।

भवदीय,

Khan

(एफ0 आर0 खान)

सचिव

**पृ0सं0: प्राशिप/अनु03/2023/**574-75 **तद् दिनांक:** 25/04/2023

**प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. निजी सचिव, अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ/प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, को सूचनार्थ प्रेषित।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
3. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, बुन्देलखण्ड क्षेत्र/पूर्वी क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र, को इस अनुरोध के साथ कि अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थित संस्थान प्रधानाचार्य को अपने स्तर से निर्देशित करना चाहें।
4. प्रबंध निदेशक, यू0 पी0 डेस्को, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि परिषद के कार्यदेश संख्या प्राशिप/स्टोर–अनु03/2023/363 तद् दिनांक 24/04/2023 के अनुक्रम में उपरोक्तानुसार ऑनलाइन आवेदन से संबंधित कार्यों को संपन्न करना सुनिश्चित करें।

Khan

(एफ0 आर0 खान)

सचिव